आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.04.2024/प्रादेशिक समाचार/09:20 बजे

अनुराग

लोकसभा चुनाव और प्रदेश की 6 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर प्रदेश में चुनाव प्रचार जोर पकड़ने लगा है। दोनो प्रमुख दल भाजपा और कांग्रेस अपनी–अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। चुनाव प्रचार की इस कड़ी में हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी व सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर इन दिनों प्रदेश के 3 दिवसीय दौरे पर है। कल पहले दिन सुजानपुर में भाजपा महिला मार्चा मंडल सम्मेलन के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में भाजपा 4 सौ से अधिक सीटे जीतने का लक्ष्य पूरा करेगी। अनुराग सिंह ठाकुर अपने दौरे के दूसरे दिन आज ऊना जिला के गगरेट में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सम्मेलन व अन्य कार्यक्रमों को संबोधित करेंगे।

मतदाता जागरूकता

इस बीच इन चुनावों में वोट की प्रतिशतता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश भर में लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शिमला जिला के ठियोग, चौपाल और कमसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत ठियोग विधानसभा क्षेत्र के कुमारसैन उपमण्डल में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। वहीं चौपाल विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बौहर में छात्र–छात्राओं द्वारा चित्रकला, नारा लेखन, रंगोली और जागरूकता रैली के माध्यम से लोगो को मतदान के लिए प्रेरित करने का सन्देश दिया गया। इधर कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुफरी में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान अध्यापकों, विद्यार्थियों व स्थानीय लोगों को चुनाव प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

महावीर जंयती

आज महावीर जयंती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महावीर जयंती के अवसर पर नागरिकों, विशेषकर जैन समुदाय को शुभकामनाएं दी हैं। एक संदेश में उन्होंने कहा कि महावीर जयंती अहिंसा और करुणा के प्रतीक भगवान महावीर की शिक्षाओं का प्रतीक है। यह त्योहार हमें प्रेम और शांति का संदेश देता है। राष्ट्रपति ने कहा कि भगवान महावीर ने एक आदर्श और सभ्य समाज के निर्माण के लिए अहिंसा, ब्रह्मचर्य, सत्य और त्याग का मार्ग प्रशस्त किया। इधर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में दो का शुभारम्भ करेंगें। वे स्मारक डाक टिकट और एक सिक्का जारी करेंगे और लोगों को सम्बोधित भी करेंगे। आज भगवान महावीर स्वामी के जन्म–कल्याण पर भारत मंडपम में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इस अवसर पर जैन संतों की भी गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

दुर्घटना

राजधानी शिमला के मशोबरा में कल शाम हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस की चपेट में आने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मृतक महिला मशोबरा की ही रहने वाली थी । पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

मौसम

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से सेब बागवानों की चितायें बढ़ गई है। इन दिनों प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में सेब की फ्लावरिंग अपने चरम पर है, ऐसे में आंधी तुफान, बारिश, बर्फबारी ओलावृष्टि और तापमान में गिरावट सेब की सैटिंग के लिए घातक सिद्ध हो सकती है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिक उंचाई वाले क्षेत्रो में वर्षा और हिमपात जबकि अन्य क्षेत्रों में वर्षा की संभावना जताई है। विभाग ने अगले दो दिनों के लिए वर्षा के साथ आंधी और तुफान का येलो अलर्ट भी जारी किया है।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है– पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मुसाफिर की डेढ़ साल बाद कांग्रेस में वापसी।

प्रदेश हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग सहित सांसद हर्ष महाजन को जारी किया नोटिस शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है– सिंघवी की चुनाव याचिका, 23 मई तक जवाब तलब किया। हिमाचल दस्तक की सुर्खी है– अभिषेक मनु सिंघवी की याचिका पर सांसद हर्ष महाजन को नोटिस जारी।

पंजाब केसरी की एक खबर है–सशक्त उम्मीदवारों की तलाश में कांग्रेस तय नहीं कर पाई प्रत्याशी' चुनाव प्रचार में भाजपा ने बाजी मारी, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अभी प्रत्याशियों का इंतजार।

आपका फैसला मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–मंडी और शिमला में अलग–अलग रणनीति– 15 सौ रूपये देने वाली योजना के फॉर्म जमा करवाने को मंजूरी देने लिए किया धन्यावाद।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है– हिमाचल के नलिन प्रभात एन.एस.जी. मुखिया– कल संभालेंगे कार्यभार, सी.एम. सुक्खू ने दी बधाई, मनाली वासी गदगद।

चीनी सरकार से जुड़े हैकर्स के निशाने पर दलाई लामा व केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के अधिकारी शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है– तिब्बत केंद्रित साईबर सुरक्षा विश्लेषकों की टीम की रिपोर्ट।

दैनिक जागरण की एक खबर है– हिमाचल कांग्रेस सह–प्रभारी डॉ. तजिंदर सिंह बिट्टू भाजपा में शामिल।

पालमपुर में दिन दिहाड़े छात्रा पर तेजधार हथियार से जानलेवा हमले की खबर भी आज अधिकांश समाचार पत्रों में सचित्र प्रकाशित हुई है।

मौसम पर दैनिक भास्कर के शब्द हैं–लाहौल की ऊंची चोटियों पर बर्फ की चादर–गर्मी में सर्दी का अहसास, पहाड़ों में बर्फबारी व मैदानों में हुई बारिश से तापमान में 3 डिग्री की गिरावट।